उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): हां कल चलेगी।

श्री सतीश अग्रवाल (राजस्थान): जम्मू-कश्मीर की चर्चा कल भी जारी रहेगी। यह आज समाप्त नहीं हो सकती। इसलिए ज्यादा अच्छा है कि साढ़े चार बजे जो लिस्टिड बिजिनस है, दो स्टेटमैंट्स हैं, क्लेरीफिकेशंस हैं, उनको समाप्त कर लिया जाए। सिर्फ तीन मिनट में सलीम साहब को क्यों खत्म करने के लिए कह रहे हैं?

श्री मोहम्मद सलीम: आपका मशवरा सर आंखों पर।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): महोम्मद सलीम साहब का तीन मिनट का समय कल तक के लिए रहा।

STATEMENT BY MINISTER

Incident of massacre of several people in Bhojpur District of Bihar on July 11, 1996

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI INDRAJIT GUPTA): Madam, I am making a statement on the henious crime which has resulted in the massacre of several people on the 11th of July, 1996 in the Bhojpur District of Bihar.

Madam, the Hon'ble Members are aware that 19 persons were killed in village Bathani Tola, Barki Kharan under Sahar Police Station of Bhojpur district of Bihar on 11th July 1996. The facts of the incident as ascertained from the Government of Bihar are as follows. Around 60 armed activists of the Ranbir Kisan Mahasangh (Ranbir Sena) raided the village of Bathani Tola Barki Kharan on the afternoon of July 11, 1996. Eighteen persons were shot dead by them. Six persons were injured, of whom one also died subsequently. 12 houses were set ablaze destroying wheat, rice, clothes, etc. kept in these houses. The provocation for the attack seems to have been to settle scores with one Naimuddin Ahmad who was suspected of having killed two supporters of Ranbir Sena.

The Government of Bihar have also reported that 30 persons have been named in the report filed in the Sahar Police Station, along with others unknown. As on date, 22 persons had been arrested. Some firearms and ammunition have been recovered. One Sub Inspector and eight Other Ranks have been suspended for dereliction of duty. The Director-General of Police, Bihar and other senior police officials rushed to the site. The District Magistrate and Superintendent of Police have been camping there since the incident.

The dependents of those killed and the surviving victims have been provided immediate relief of Rs. 10,000/- each in cash. The families of the deceased have also been provided with 30 kgs. of rice and other essential commodities. The Chief Minister of Bihar visited the area on July 13, 1996 and announced relief @ Rupees one lakh to the next of kith and kin of the family of those killed. The Chief Minister also announced a relief of Rs. 2 lakhs to the family of Naimuddin Ahmad apart from the offer of a job in cases where the bread-winner has been killed. The Union Home Secretary has further ascertained that combing operations have been launched by Bihar Military Police and State Police in the area of four Police Stations, namely, Sahar, Sandesh, Piro and Udvant Nagar which are supposed to be strongholds of Ranbir Sena. People have been asked to surrender their arms and efforts are being made to disarm the Ranbir Sena activists.

While there is little doubt that adequate follow up action including rehabilitation of victims will be taken up by the State Government, much more is required to be done by the State. I would firstly not only need to enquire into the alleged inaction on the part of the policemen posted at the site of the incident but also go deeper to check out on the mind set of the law and order enforcement machinery. Then there is the question of empowerment of the weaker sections which always have to bear the brunt of the 'mighty'. A more effective strategy to implement various schemes relating to upliftment of these sections is obviously called for. The Central Government proposes to interact with the Bihar and

other State Governments to ensure ways and means to retain and enhance the efficacy of the administrative apparatus in the country. The presence of an effective and responsive administration only can prevent incidents such as the one in Bhojpur.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Now Members have to seek clarifications on the Statement.

श्री एस०एस० अहलुवालिया (बिहार): उपसभाल ध्यक्ष महोदया, गृह मंत्री जी द्वारा वक्तव्य में बताया गया कि भोजपुर जिले में सहार थानान्तर्गत ग्राम-बथानी टोला, बड़की खारा में 19 व्यक्ति मारे गये। 11 जुलाई की यह घटना बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है और इस घटना के पीछे रणबीर सेना का हाथ बताया जाता है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा, क्योंकि उनके इस वक्तव्य से यह जाहिर नहीं होता, पर अखबारों और टेलीविजन पर बताया गया है कि ये घटना निजी बदले की भावना को लेकर हुई है। कुछ दिन पहले, कुछ महीने पहले इस इलाके के लोगों ने रणबीर सेना के कुछ लोगों को मारा था जिसके बदले की भावना का तनाव वहां चल रहा था और गांव के लोगों के बार-बार अनुरोध करने पर कि हमारी और हमारे गांव की सुरक्षा व्यवस्था की जाये, पुलिस तैनात की जाये, उसके बाद भी राज्य सरकार ने कार्रवाई नहीं की। हमारे मुख्य मंत्री दिल्ली में मंत्री सभा के गठन करने के लिए व्यस्त थे और इस चीज पर ध्यान नहीं दे सके और यही कारण है कि वहां यह कोताही बरती गई तथा इस घटना का सामना करने के लिए उनकी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जा सकी। मैं जानना चाहूंगा कि जब इस गांव की कम्पलेंट मिली थी तो उस पर क्यों कोताही बरती गई?

दूसरे महोदया, इस गांव में जो अस्त्र-शस्त्र सीज किये गये हैं, जो गोला-बारूद बरामद किया गया है, उसका ब्यौरा इस वक्तव्य में नहीं दिया गया है। जहां तक हमें अखबारों से कार्यकर्ताओं के माध्यम से खबरें मिली हैं कि वहां ऐके-47 और ऐके-56 का प्रयोग किया गया है। यह बात वहां के लोगों की लगी गोलियों से प्रमाणित होती है परन्तु टेलीविजन पर जो वस्तुओं की बरामदगी दिखाई गई है, उसमें कंट्री मेड बंदूकें दिखाई गई हैं और उसमें ऐसा दिखाया गया है कि ऐके-47 और ऐके-56 की गोलियों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, अभी इन्होंने बतलाया कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की तरफ से दस हजार रुपये की तत्काल राहत दी गई और मुख्य मंत्री ने एक लाख रुपया और अगर उनके परिवार में कोई सदस्य नौकरी के योग्य है तो उस को नौकरी देने का वचन दिया गया है, परन्तु अभी तक यह निर्देश जिला कार्यालय तक नहीं पहुंचे हैं। इसका मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। महोदया, नईमुद्दीन अहमद को दो लाख रुपया अलग से दिया जा रहा है, ऐसा क्यों है? जितने और 19 आदमी मारे गये या उनके परिवार के सदस्य मारे गये, उनको एक-एक लाख रुपया और नईमुद्दीन अहमद को दो लाख रुपये देने के पीछे कारण क्या है? क्या उसकी जान-माल की कीमत और मरने वालों की जान-माल से ज्यादा थी? यह आंकड़ा कैसे आंका गया है?

महोदया, आरा के अस्पताल में जिन मरीजों को भर्ती किया गया है, उनका ब्यौरा भी नहीं दिया गया है। पूरे गांव के लोग वहां पर गोलियों से आहत हुये, बम से आहत हुये या आग से आहत हुये अस्पताल में भर्ती हुये हैं, उनमें से कितने लोगों की हालत गम्भीर है, कितने लोगों की हालत सोचनीय है और कितने ठीक हो जायेंगे? इसका ब्यौरा भी नहीं दिया गया है। इसमें कई लोग विकलांग हो गये हैं, उनके हाथ-पैर काट देने पड़े है, छोटे-छोटे बच्चों को दिखाया जा रहा है। उस इलाके में इतना वहशीपन क्यों जागा है? और उसको कंट्रोल करने के लिए क्या उपाय किए गये है? क्या इसमें एक केन्द्रीय सरकार के राज्य मंत्री का हाथ है? रणबीर सेना को बैन करने के लिए वहां के कलेक्टर और पुलिस को बुलाकर कहा गया कि इनको खुली छूट दी जाये। उसके पीछे इस इलाके के केन्द्रीय राज्य मंत्री इसमें कितने जिम्मेवार हैं अगर जिम्मेवार हैं तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होने जा रही है?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): डा० जगन्नाथ मिश्र।

डा० जगन्नाथ मिश्र (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी के वक्तव्य से, जितनी बड़ी दुर्घटना हुई है, उसकी गहराई पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता। ऐसा लगता है कि कोई ऐसी घटना हुई और एकाएक अकस्मात हत्या कर दी गई हो। स्थानीय कुछ विफलताएं हों और राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की गई हो। इसी वजह से यह नरसंहार हो गया है, यह आभास मिलता है इनके वक्तव्यों से। मै मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि बिहार के उत्तर और मध्य भाग में लगातार ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं, पिछले 5-6 वर्षों से। उग्रवादी गतिविधियां लगतार बढ़ती गई हैं। सरकार की

ओर से कोई प्रभावकारी कदम अभी तक नहीं उठाया गया है। केन्द्र सरकार की तरफ से जो समय-समय पर हिदायतें दी गई हैं, उन हिदायतों पर भी अमल नहीं हुआ जिसकी वजह से यह समस्या बढ़ती गई। एक साल के भीतर ही भोजपुर जिले में लगभग 200 लोगों की हत्याएं हुई हैं, दोनो पक्षों की। अगर बिहार के उस भाग को देखा जाये तो एक साल के भीतर एक हजार से अधिक लोग मारे गये हैं। पंजाब और कश्मीर से भी अधिक व्यापक स्वरूप है उग्रवादी गतिविधियों के क्षेत्र में। न बिहार सरकार सही आंकलन कर पा रही है, न केन्द्र सरकार ध्यान दे रही है जिससे इस क्षेत्र में यह समस्या लगातार बढ़ती गई है।

इसलिए मंत्री महोदय से हम जानना चाहेंगे कि क्या बिहार के सुधार के लिए कोई विशेष कार्यक्रम तत्काल केन्द्र सरकार की ओर से तैयार करेंगे? यह बात कही जाती है कि वहां पर जो निजी सेनाएं हैं उन पर प्रतिबन्ध लगाने के बावजूद भी राज्य सरकार मुस्तैद नहीं है। क्या केन्द्र सरकार राज्य सरकार पर ऐसा दबाव दे सकेगी, क्या वह वास्तव में प्रतिबन्ध को प्रतिबन्ध बनाकर उस पर रोक लगा सकेगी?

दूसरी बात यह है कि बिहार में निजी सेनाएं चिपकी हुई हैं पिछले कुछ वर्षों के भीतर वह स्थानीय शासन इसलिए निष्क्रिय है, उदासीन है कि जान-माल की हिफाजत करने के लिए पुलिस की मिली भगत होती है स्थानीय दबावों के साथ इसलिए पुलिस से लोगों को सुरक्षा नहीं मिल पाती है। पुलिस के पास साधन भी नहीं होते हैं जितने साधन इन आतंकवादियों, उग्रवादियों के पास हैं उस अनुपात में पुलिस के पास साधन भी नहीं है कि अत्याधुनिक हथियार मुहैया कर सकें। क्या केन्द्र सरकार की तरफ से ऐसी व्यवस्था होगी कि वहां के पुलिस शासन को पूरी शक्ति दी जाये और साधन दिये जायें तथा राज्य सरकार को मदद पहुंचाई जा सके?

साथ-साथ यह विवाद मजदूरों, गरीबों के बीच बांटी गई जमीन से संबंधित है कि वहां की जमीन सरकारी जमीन, हदबन्दी, बटाईदारी संबंधी विवाद, साहूकारों द्वारा अत्यधिक दर वसूल करने संबंधी विवाद ये सारे मामले हैं जिसकी वजह से यह घटनाएं लगातार बढ़ती गई हैं।

... ऐसे सारे मामले हैं जिनकी वजह से ये घटनायें लगातार बढ़ती गई हैं। मुठभेड़ें भी पुलिस के साथ हो रही हैं। अभी हाल ही में गया जिले में एक मुठभेड़ के तहत 9-10 उग्रवादी मारे भी गए हैं। अभी 11 तारीख के दो दिन पहले मुंगेर जिले के तारापुर जगह पर 9 लोग मारे गए हैं। बिहार के भिन्न भिन्न भागों में ये जो घटनायें लगातार हो रही हैं उनके कारणों की गहराई में राज्य सरकार जा नहीं रही है। क्या केन्द्रीय सरकार यहां से कोई विशेष दस्ता या विशेष बल या कोई विशेषज्ञों की समिति भेजने पर विचार करेगी जो इन हिंसात्मक घटनाओं की पृष्ठभूमि का सही आकलन कर सही रास्ता बता सके? हम ऐसा समझते हैं कि एक-दो घटनाओं को देखने से बिहार में उग्रवादी गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता है। पिछले समय केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी और वहां जनता दल की सरकार थी इसलिए उस वक्त आपस में तालमेल का अभाव भी था और केन्द्र सरकार की बात नहीं मानी जाती थी। लेकिन क्योंकि इस समय यहां जनता दल के नेतृत्व में सरकार बनी है और गृह मंत्री उस दल से आते हैं जो गरीबों की समस्याओं के साथ अपनी हिस्सेदारी मानता आया है, इसलिए हमारी पूरी अपेक्षा है कि केन्द्र में जनता दल के नेतृत्व में जो सरकार है और उनके गृह मंत्री जो कम्युनिस्ट पार्टी से आते हैं, जिन्होंने भूमि विवादों में, भूमि सुधारों में दिलचस्पी ली है, क्या वह कोई ऐसी व्यवस्था करेंगे ताकि पिछले 5-6 सालों में भूमि सुधार के मामलों में जो शिथिलता आ गई है, कमजोरी आ गई है, उसमें तेजी आए? सोशलिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, मार्किसस्ट पार्टी सहित यू०एफ० सरकार दिल्ली में है और बिहार में भी जनता दल की सरकार है। तो क्या इन प्रगतिशील कार्यक्रमों में जो शिथिलता पिछले 5-6 सालों से हो रही है, जो कार्य 1990 से चल रहे थे, जो इन लोगों की सुरक्षा और संरक्षण से ताल्लुक रखते थे, उनको शिथिल कर दिया गया है तो क्या ऐसे कार्यक्रमों को चलाने में सरकार दिलचस्पी लेगी? जो भूमिसुधार कार्यक्रम शिथिल हो गए हैं, कमजोर हो गए हैं और जो अब केवल पेपर पर किऐ जा रहे हैं और इसके कारण गरीबों के बेदखल किया जा रहा है और विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। विशेषकर औरंगाबाद, जहानाबाद, गया, भोजपुर, रोहताश, बेगूसराय और चम्पारण इन जिलों में इस तरह के विवाद उभर कर सामने आ रहे हैं और यहां उनकी व्यापकता दिखाई दे रही है। जैसा मैंने कहा एक साल के भीतर एक हजार लोगों को मारा गया है। ये कोई मामूली घटनायें नहीं हैं। लेकिन ये राष्ट्रीय स्तर पर उजागर नहीं हो रही हैं। जिस प्रकार से कश्मीर और पंजाब की समस्यायें उजागर होती हैं, उस तरह से बिहार की समस्यायें उजागर नहीं हो रही हैं। फिर, आपके स्तर पर जो एक आम सहमति बननी चाहिए, जो एक चिंता होनी चाहिए वह चिंता बिहार के लिए नहीं हो पाई। भोजपुर में 18 लोगों का सामूहिक कत्ल केन्द्रीय सरकार को जागृत कर सका, केन्द्र सरकार को सजग कर सका। इसलिए केन्द्र सरकार को जागृत कर सका, केन्द्र सरकार को

सजग कर सका। इसलिए केन्द्र सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और इन घटनाओं की जांच करनी चाहिए।

अभी, हाल ही में वहा यह जो घटना हुई उसमें पिछड़ी जाति अल्पसंख्यकों के बच्चे और महिलायें उसमें अधिक है। महिलाओं और बच्चों का हाथ किसी विवाद में नहीं हो सकता। यह एक मानसिकता है, झगड़ा किसी मर्द से ही हो सकता है, लेकिन बच्चे और महिलाओं से ऐसा कोई विवाद नहीं हो सकता है। लेकिन उनका कत्ल वह पूरी मानवता पर एक कलंक है, हम पर कलंक है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या केन्द्रीय सरकार इस घटना को एक सामान्य घटना समझकर और एक वक्तव्य देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेगी या इन घटनाओं की गहराई में जाते हुए बिहार में उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्था करने पर विचार करेगी और बिहार सरकार पर सख्ती करेगी और वहां पर कानून और व्यवस्था की स्थिति मजबूत करेगी? बिहार में कानून और व्यवस्था की जो स्थिति हो गई है उसमें हम ऐसा समझते हैं कि वहान पर 356 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। केवल विधि-व्यवस्था का सवाल नहीं है, केवल हत्याओं का सवाल नहीं है, वहां पर जो भ्रष्टचार का स्वरूप हो गया है हाल के दिनों में जो चारे घोटाले हुए है और जो अन्य विभागों के घोटाले हुए हैं, यह सब बताते हैं कि बिहार में शासन ... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): डा० मिश्र जी, एक मिनट .... (व्यवधान) ... एक मिनट। ... (व्यवधान)

डा० जगन्नाथ मिश्र: बिहार में शासन .... (व्यवधान) किसी प्रकार के ... (व्यवधान) .... देने में यह पूरी तरह से विफल है। ... (वयवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): यह कहने की जरूरत नहीं है... (व्यवधान) आप अपने को क्लैरीफिकेशन तक सीमित रखिए ... (व्यवधान)

डा० जगन्नाथ मिश्र: केन्द्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे और धारा 356 के तहत बिहार सरकार को बर्खास्त करके और प्रभावकारी कार्यवाही करके बिहार के लोगों और जनता की जान-माल ही रक्षा करे।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): श्री वी० नारायणसामी। नारायणसामी जी, एक-एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए, भाषण देने की जरूरत नहीं है, केवल क्लैरीफिकेशन प्वायंट से पूछिए।

Kindly ask pointed questions. Don't go in for long lectures. Kindly put questions only.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Yes, Madam. Madam Vice-Chairman, thank you for giving me this opportunity. Madam, I do not want any kind of encomium or any kind of recognition from the CPI Members. You have given me directions, I will go by your directions. Madam, for the first time I find the hon. Home Minister, after the taking over of the new Government, is very free and frank. Madam, the Home Minister adds one word, he is too much free. Madam, he is saying that, I am not saying that. Madam, a massacre has taken place in Bihar and several innocent people were killed by Ranbir Sena. I do not know how many private senas are there in Bihar. *(Interruptions)* Madam, it was only a private enmity which led to the massacre. Madam, it teaches a lession to the State Government. Madam, I appreciate the statement of the hon. Home Minister. In the last sentence he said, "The presence of an effective and responsive administration only can prevent incident such as the one in Bhojpur." Madam, I would like to know from the hon. Minister whether the present Government of Bihar is irresponsive or ineffective. Let him say that. His last sentence is very damaging. He himself admits that there is a breakdown of law and order machinery in Bihar. What does he mean by using the words. "the presence of an effective and responsive administration only can prevent incidents as the one in Bhojpur"? Does the hon. Home Minister admit that there is a breakdown of law and order machinery in Bihar? Madam, I do not know whether the hon. Home Minister has got the information from the Bihar Government because he is giving out a fact that has been narrated by the Bihar Government. Has he got information about the latest weapons? He has said in his statement that some firearms and ammunitions have been recovered. What is the nature of the weapons? He has to

explain this. This statement should be made very clear. My colleague has mentioned that AK-47, AK-56 and the latest weapons have been seized. Is it a fact? The hon. Home Minister should tell me that. Madam, the Union Home Secretary has stated that there were ongoing operations in the areas where the massacre has taken place. What is the result? The result has not been mentioned. The combing operations have been launched by the Bihar military police and the State police in the area of four police stations namely Sahar, Sandesh, Puro and Udvant Nagar which are supposed to be strongholds of Ranbir Sena.

What is the result? Has anybody been arrested? How many persons have been taken into custody? The statement made by the hon. Home Minister should be very clear and candid. You have referred to 'combing operations'. What is the result of the 'combing operations'? This has to be explained by him.

The statement says that people have been asked to surrender their arms and that efforts are being made to disarm the Ranbir Sena activists. You say that you are trying to disarm the Ranbir Sena activists. What is your strategy? If you do not want to disclose, it is all right, but these people should be disarmed. When you say that people have been asked to surrender their arms, I would like to know as to how many have responded. These are the things, these are the questions, which the hon. Home Minister has to answer.

Madam, there is another damaging thing. In the fourth paragraph, the Home Minister has said: 'While there is little doubt that adequate follow-up action, including rehabilitation of the victims, will be taken by the State Government, much more is required to be done by the State'. Therefore, the Home Minister admits that the relief provided by the State Government is not sufficient, that much more has to be done, much more has to be done by the State Government for the purpose of protecting the lives of the people in that area.

Madam, under these circumstances, the statement made by the hon. Home Minister gives a clear evidence of the break-down of the law and order machinery in Bihar. The statement is very clear.

DR. JAGANNATH MISHRA: It is very clear.

SHRI V. NARAYANASAMY: That being the case, what are you going to do with the Bihar Government? The Home Minister has said that he is free, frank and forthright. Therefore, I appreciate the statement made by him. In the light of this statement, what are you going to do with the Bihar Government? As the Central Government, it is your duty to protect the lives of the people. When you have yourself admitted that there is no effective and responsive administration in Bihar, what action are you going to take? Kindly explain.

श्री नगेन्द्र नाथ ओझा (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं उस स्थान से होकर आया हूं। मुझे 13 तारीख को उस घटना-स्थल पर जाने का मौका मिला जहां लोगों को गोलियों से भूना गया और जो दूसरे परंपरागत हथियार हैं, उन से हत्या की गयी। एक ही आंगन के अंदर 18 लोगों की हत्या घटना-स्थल पर ही की गयी और एक-दो लोग अस्पताल में मरे।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप विवरण मत दीजिए, प्रश्न पूछिए।

श्री नगेन्द्र नाथ ओझा : महोदया, मैं ने वहां जाकर देखा है, इसलिए इतना बताना जरूरी था। महोदया, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जहां यह घटना घटी उस के चारों तरफ एक किलोमीटर से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में चार पुलिस कैंप हैं। एक बड़की खड़ांव में, जहां यह घटना घटी उस का मुख्य गांव है। एक पतलपुरा में, एक मडिया स्कूल में, और एक घनरवा मिडिल स्कूल में। इन चार जगहों में पुलिस कैंप हैं। डेढ़ बजे से लेकर 3 बजे तक यह ताण्डव होता रहा, लेकिन क्या इन पुलिस कैंपों के पुलिस बल ने मूव किया? अगर नहीं तो क्यों? महोदया, यह प्रश्न इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह कोई आयसोलेटेड घटना नहीं है। इस के पहले भी ऐसी घटनाएं घटी हैं। एक किलोमीटर

से कम के दायरे के अंदर पुलिस बल रहा है और घटना-स्थल पर नहीं पहुंचा है। क्या कारण है कि यह पुलिस बल नहीं पहुंचता है? क्या उन के पास पर्याप्त हथियार नहीं होते हैं? अपने बड़े हाकिमों से हुक्म लेने के लिए उन के पास दूसरे उपयुक्त इंस्ट्रूमेंट नहीं हैं या लापरवाही है? महोदया, मंत्री महोदय ने कहा कि जिम्मेदारी न निभाने के लिए कुछ पुलिस-कर्मियों पर कार्यवाही की बात हुई है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस में उन पुलिस कैंप के अधिकारी और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जिन पर यह कार्यवाही की जाएगी?

महोदया, मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि जब रणवीर सेना प्रतिबंधित है, तो फिर रणवीर सेना इस तरह की वारदातें क्यों करती आ रही है? इस रणवीर सेना पर आरोप आया है कि उस ने एक बारात पर हमला कर के 6 लोगों की हत्या की। फिर उस के बाद कई घटनाएं और कीं। तो फिर प्रतिबंधित होने के बावजूद एक आर्म्ड संगठन बिहार के अंदर किस ढंग से ऑपरेट कर रहा है? इस का क्या कारण है, इस पर भी मंत्री महोदय द्वारा प्रकाश डाला जाना चाहिए।

तीसरा मेरा प्रश्न है, अहलुवालिया साहब ने
5 P.M. जो यह प्रश्न किया कि नईमुद्दीन मियां के परिवार को दो लाख रुपए क्यों, तो मेरा प्रश्न है मंत्री महोदय से कि इन्हें दो लाख रुपए ही क्यों? मैं बताना चाहता हूं, नईमुद्दीन मियां के परिवार में पांच लोगों की हत्या हुई और उनकी एक बड़ी लड़की, जो 15 / 16 वर्ष की थी, के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या गोली मार कर कर दी गई। नौ-दस परिवार हैं, जिनमें दो परिवार में तीन-तीन की हत्या, किसी के परिवार में दो की हत्या, किसी परिवार में एक की हत्या और इसके परिवार में पांच की हत्या हुई है और जिसमें उसकी लड़की के साथ बलात्कार के बाद हत्या हुई है। तो मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह जो पैसे, एक लाख या दस हजार रुपए दिए गए, किस आधार पर दिए गए? इसके किस आधार पर मंजूरी होती है? परिवार के आधार पर या एक एक मृतक के आधार पर? यह बिल्कुल स्पष्ट किया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि जो समाचार-पत्रों में बात आई कि प्रति मृतक, तो उस आधार पर पांच मृतक नईमुद्दीन के परिवार के होने से उन्हें कम से कम 10 लाख रुपया तो मिलना ही चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदया, इसके साथ ही मैं एक और प्रश्न करना चाहता हूं। आप उनको पुनर्वासित करने की बात करते हैं। मेरा प्रश्न है कि आप कहां उनको पुनर्वासित कीजिएगा? मैं आपको सूचित करना चाहता हूं, जो वहां मुझे लोगों ने बताया कि नईमुद्दीन मियां बड़की खडांव का रहने वाला था। 24 अप्रैल को वहां एक सुलतान मियां की हत्या के बाद वहां के 25 / 30 परिवार के लोग भागकर इस बथानी टोला पर आए और उन्होंने शरण ली थी एक चौधरी परिवार में और वहां सामूहिक नरसंहार की घटना हुई। यह पेशे से कोई दूसरा काम करने वाला नहीं है। यह मनिहारी का काम करने वाला है, जो सुहागिनों को चूड़ी पहनाता है। जो सुहागिनों को चूड़ी पहनाता है, आज उसके परिवार में सुहाग का सिन्दूर घुला है। उसके परिवार में इतनी हत्याएं हुई हैं। एक हजार से ज्यादा चूड़ियां टूटी हुई, बिखरी हुई मैंने वहां देखी हैं। क्या जिस गांव के 25 / 30 परिवार आए थे, बड़की खड्डांव जो सामंतों का गढ़ है वहां आप पुनर्वासित करने की व्यवस्था कीजिएगा या किसी अन्यत्र जगह, जहां वे सुरक्षित और अमन चैन से रह सकें वहां व्यवस्था कीजिएगा? कहां व्यवस्था कीजिएगा?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): अब आप समाप्त करें।

इसके अलावा और भी प्रश्न हैं, लेकिन महोदया की परमीशन नहीं है इसलिए मैं बैठता हूं। इतना भी अगर मंत्री महोदय उत्तर दें संतोषजनक, तो हम समझेंगे कि गरीबों के लिए और जो ऐसी बार-बार आहत और टीस होती है उसके लिए यहां से भी कुछ हो सकेगा। मुझे बड़ा दुख हुआ यह देखकर कि ऐसे मौकों पर भी, ऐसे प्रश्नों पर भी, यहां हंसने और मुसकराने वाले मिल गए, क्षमा करेंगे। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): मैं सदन की राय जानना चाहती हूं। यह 5 बजकर 3 मिनट हो रहे हैं और नागरिक उड्डयन मंत्री यहां बैठे हुए हैं। इनका भी आज वक्तव्य होने वाला है।

श्री एस० एस० अहलुवालिया: कल होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): तो अगर सदन की राय हो तो यह अपना वक्तव्य दे दें। दोनों वक्तव्यों के ऊपर जो क्लैरीफिकेशन पूछे जाएंगे ...(**व्यवधान**)...

श्री एस० एस० अहलुवालिया: आज गृहमंत्री अपना जवाब दे दें, बस।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is a sensitive issue. The Home Minister's clarification should be made today.

SHRIMATI MARGARET ALVA: We will sit and wait.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): तो उड्डयन मंत्री जी कल अपना बयान दें?

श्री एस० एस० अहलुवालिया: जी, कल।

नागर विमानन मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहिम): मैडम, जैसा आपका आदेश होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आज तो समय नहीं रहेगा। ...(**व्यवधान**)... तो सदन की राय है कि आप लोग अभी बैठना चाहते हैं।

डा० जगन्नाथ मिश्र: सदन की राय है, होम मिनिस्टर का जवाब सुनना है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: The Home Minister's clarification...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): बैठकर मत बोलिएगा, खड़े होकर बोलिएगा जो आपको बोलना है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): I apologize, Madam. Since the issue is extremely sensitive and has been agitating the mind of the nation as a whole, and not only the people of Bihar, I suggest that the hon. Home Minister may kindly complete his clarifications today. We would like to know from the Government what steps the new Government is likely to take in order to prevent this type of genocide in any part of the country.

SHRI V. NARAYANASAMY:*

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: No, no. This is too much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Mr. Narayanasamy's remark will not be entitled to be in the proceedings.

श्री गया सिंह (बिहार): मैडम, बाकी बात तो श्री नगेन्द्र ओझा ने कर दी है, नगेन्द्र जी के साथ मैं भी वहां गया था, इसलिए जितनी चर्चा उन्होंने की है मैं उसको दोहराना नहीं चाहता। मैं होम मिनिस्टर साहब को सिर्फ यह बताना चाहता हूं कि उस क्षेत्र में जैसा कि डा० साहब ने कहा, पिछले 10 साल से ये घटनाएं हो रही हैं और इनके मुख्यमंत्रित्व-काल में ही रणबीर सेना की स्थापना हुई, यह मैं सूचित करना चाहता हूं। मिश्र जी जब मुख्य मंत्री थे, उस समय उस क्षेत्र की विधायक भी उन्हीं की पार्टी की थीं—ज्योतिष जी —और उस इलाके में जिस तरह की घटनाएं हुई, बेलौर गांव में, और रणबीर सेना की स्थापना इनके मुख्यमंत्रित्व-काल में हुई।...(**व्यवधान**)...

डा० जगन्नाथ मिश्र: इनको ज्ञात नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आपको अपनी सफाई देने की जरूरत नहीं है।

डा० जगन्नाथ मिश्र: यह मिथ्या है, इनको मालूम नहीं है कि वह 1983 का जमाना था और यह अभी लालू यादव की बनाई हुई है।...(**व्यवधान**)... यह सेना लालू यादव की बनाई हुई है। ...(**व्यवधान**)...

श्री गया सिंह: सुनिए, सुनिए।...(**व्यवधान**)... मैं उसमें नहीं जाना चाहता, सिर्फ याद दिलाया चूंकि होम मिनिस्टर साहब को ...(**व्यवधान**)...

श्री एस०एस० अहलुवालिया: गया सिंह जी, क्या जस्टिफाई करना चाहते हैं इसको? आरोप-प्रत्यारोप मत कीजिए, वर्तमान पर बात कीजिए।

श्री गया सिंह: मैं आ रहा हं उसी पर। ...(**व्यवधान**)... सुनिए, सुनिए। सुनने का धैर्य तो रखिए। ...(**व्यवधान**)...

डा० जगन्नाथ मिश्र: सारे कार्यक्रम आपने भुला दिए और लालू यादव जी को समर्पित करके सारे भूमि सुधार कानून खत्म कर दिए, यह उसी का नतीजा है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप चेयर को एड्रेस करके बात करें, इनके साथ आपस में वार्तालाप नहीं करें।

श्री गया सिंह: मैडम, मैंने सिर्फ याद दिलाया। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वहां चारों तरफ जो एक किलोमीटर पुलिस, जिसकी चर्चा इन्होंने की और वहां जाने के बाद यह पता चला कि जो फोर्स है केन्द्रीय सरकार से राज्य सरकार ने पहले से वहां के थाना और पुलिस के पास जो हथियार, राइफल्स हैं, काफी छीना भी गया, जिसकी चर्चा हुई और वहां उग्रवादी या रणवीर सेना या प्राइवेट सेना के पास जो हथियार हैं, ए०के०-47 या दूसरे, वे हमारी पुलिस के पास नहीं और हमारी पुलिस या स्टेट गवर्नमेंट को वह मुहैया नहीं कर पा रहे हैं। यह कारण है या नहीं, इसकी जांच करने की जरूरत है। सिर्फ एडमिनिस्ट्रेटिव फेल्योर की बात करके अगर लीपा-पोती करेंगे तो समस्या का समाधान नहीं होगा। इसलिए मेरा सिर्फ एक ही सवाल है, उससे संबंधित जो भी चर्चा हो यहां, होम मिनिस्टर उसका जवाब दें। मैं समझता हूं कि इसका समाधान सिर्फ एडमिनिस्ट्रेशन से

*Not recorded.

नहीं है क्योंकि पिछले 10 साल से ये जो घटनाएं हुई हैं, एक नहीं, जिसकी चर्चा आपने की है, कई घटनाएं हुई हैं, काउंटर होता है हर दो महीने बाद। अभी दो महीने पहले रणबीर सेना के ऊपर भी हमला हुआ और 9 लोग मारे गए उनके, राढी गांव है वहां, अभी दो महीने पहले। उसके दो महीने पहले दूसरे लोगों ने किया। तो यह जो घटनाएं हो रही हैं, हमारा उसमें सुझाव है कि अगर होम मिनिस्टर उसमें सहमत हों, पहला तो यह है कि माननीय होम मिनिस्टर को वहां जाना चाहिए और...

एक माननीय सदस्यः जा रहे हैं।

श्री गया सिंहः जा रहे हैं तो उसकी चर्चा हो। आप बताइए, अगर वहां जाना चाहते हैं तो जाएं, जाने के साथ, एडमिनिस्ट्रेटिव लोगों के अलावा उस इलाके के जनप्रतिनिधियों—एम०एल०ए०, एम०पी० और विभिन्न पोलिटिकल पार्टियों के साथ इसकी चर्चा करके अगर परसुएशन की बात नहीं होगी तो सिर्फ लॉ एंड आर्डर की बात कहकर हमारे मिश्र जी चले जाएंगे, हम चले जाएंगे। इसका समाधान नहीं होगा क्योंकि यह पहली घटना वहां नहीं है, 10 साल से घटनाएं हो रही हैं। 60 हजार एकड़ जमीन परती है दस साल से और वह जनता दल की सरकार के समय से सिर्फ नहीं है, इसलिए मैं याद दिला रहा हूं कि बेलोर गांव से, जहां 4 हजार एकड़ जमीन कई साल से परती है, इनके जमाने से भी पहले से—दूबे जी थे, उनके जमाने से घटनाएं हो रही हैं। इसलिए यह सीरियस मामला है और लॉ एंड ऑर्डर का फेल्योर है, उसको तो आप मेकअप कीजिए, जो दूर करना है लेकिन सोश्यिल सवाल है वहां, वहां पिछड़ापन भी है, सामंती लोग भी हैं, दूसरी तरफ के लोग भी हैं, उसका जो मिस-यूज़ कर रहे हैं पोलिटिकल ढंग से, उसको ठीक करने की जरूरत है। 40 किलोमीटर के अंदर की ये घटनाएं हैं और आर्म्स बहुत हैं। इन आर्म्स को डिसआर्म्स करने के लिए बहुत मुश्किल होगी, इसलिए पोलिटिकल, सोश्यिल लेवल से परसुएशन करके शांति लाने की जरूरत है। इसलिए केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, दोनों को मिलकर तमाम पार्टियों के साथ बातचीत करके इस दिशा में प्रयास करना चाहिए जिससे यह कश्मीर की समस्या हल हो सके।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आपका प्रश्न क्या है? आप तो सुझाव दे रहे हैं।

श्री गया सिंहः सुझाव दे रहा हूं, स्पष्टीकरण भी मांग रहा हूं। इसलिए मेरा सुझाव है कि गृह मंत्री वहां जाएं और वहां जाकर इन चीजों को देखें।

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (Nominated): Madam Vice-Chairman, one part of my question has already been asked. I had been to Gaya and other places, and I have seen them. It is basically a political social issue. This issue between land-owners and landless people is not confined to Bihar only but it has spread to other States also.

There is another aspect which is developing in this country. As we have the Ranvir Sena, there are other senas also coming up in other parts of the country. I would like to know first from the Minister what action the Government is going to take to see that no such sena first of all comes up because wherever a sena comes up, it is within the knowledge of the police whether the sena has started or not started.

Madam, if we take the case of Bihar, it is not only the people that are divided, but even the police force is also divided, not at the higher level but at the lower level. Wherever there are police camps. In the camps, every community has its own kitchen. This divison has come into the police forces. That is reflected in the law-and-order situation. This is spreading, as far as I know, from Bihar to other States also. Therefore, my second suggestion to the Minister will be to see that the police force is not divided on community basis. When it starts from the kitchen itself, cooking itself, when one community cooks, other communities do not share the food, when this kind of sentiments are developing in the police force, you can imagine, if this situation deteriorates, what kind of situation will develop. Therefore, my second question relates to this. What is the Government going to do to see that this is stopped in the police force and what means is the Government going to adopt to see that this is going to be stopped?

Thirdly, wherever there are land tensions between land-owners and landless or other social tensions, these tensions do not develop overnight. They take a period of time. We have the Government

machinery, we have the police machinery and we have other machineries also wherein information is collected. It is quite possible that sometimes it is at the district level or at a lower level. The situation gets into a form. They get into the tension which is developing. That is stopped. Sometimes it does not stop. If it goes beyond control. Unless there is an explosion, nothing is done. In such a situation, I would like to know from the Government, if those who are going to be victimised, know that they are going to be victimised and if they approach the Government that they should be armed for a particular period of time, whether the Government is going to think in terms of giving arms for self-protection.

Thank you, Madam.

SHRI BRATIN SENGUPTA (West Bengal): Hon. Vice-Chairman, thank you for this opportunity given to me to communicate my feelings to the House. Let me join the entire country in the nation-wide shock and indignation over the ghastly genocide that took place in Bhojpur, including pregnant women and innocent children. This is an incident of national shame. It is quite unfortunate that such national scars are not infrequent even in the penultimate year of the Despite that, amidst this environment of grief and national shock and in one of the rarest occasions after such cruel incidents, the hon. Home Minister has come out with a statement which was not perfunctorily done. It reflects a change in the climate of the governance. Now, my questions before the Home Minister are:

First, are the Government planning any ban and perpetual prohibition against all landlord outfits in Bihar, not only against the Ranvir Sena who has been perpetuating this kind of crimes for the last 49 years?

My second question have we any reason to believe that these landlord outfits are not enjoying the backing of any political element or even political forces?

My third question is, are the Government planning a national comprehensive action programme to prevent similar incidents, ghastly genocides, massacres and atrocities against agricultural labourers, the poorest sections of society, dalits, dalit women, minorities tribals and other disadvantaged and backward sections of the society?

My last question is, if article 356 is an answer to all these crimes which have been perpetrated in the last 49 years, whether the number of applications of article 356 in Bihar would not have exceeded the number of governments in Bihar in the last 49 years. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Thank you Mr. Mr. Bratin Sengupta. This was his maiden speech.

SHRI BRATIN SENGUPTA: Thank you for recognition.

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRIMATI KAMLA SINHA) Honourable Member, Shri Raj Nath Singh.

श्री राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश): महोदया, निश्चित रूप से यह बिहार की घटना लोम हर्षक है, हृदय विदारक है। यह दुखद् भी है, दुर्भाग्यपूर्ण है और शर्मनाक भी है और जैसा पूर्व वक्ताओं ने बतलाया और बिहार के कई संम्मानित सदस्यों ने बतलाया कि वहां पर लगातार कई वर्षों से इस प्रकार की घटनाएं चल रही है और अभी डा॰ जगन्नाथ मिश्र जी ने कहा कि एक वर्ष के अंदर ही वहां पर एक हजार से ज्यादा हत्याएं हो चुकी है और यह क्रम अब भी चल रहा है। भोजपूर की जो घटना घटित हुई है वह प्रतिशोध के परिणामस्वरूप घटित हुई है। लेकिन मुझे दुख यह है कि माननीय गृह मंत्री जी ने जो स्टेटमेंट दिया है उसमें निष्पक्षता और ईमानदारी का परिचय नहीं दिया है। मैं सीधा आरोप लगाना चाहता हूं। क्योंकि अंतिम पैरा में आपने लिखा है—"सरकार द्वारा बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। पहले तो घटना-स्थल पर तैनात पुलिस कर्मियों की न केवल कथित निष्क्रियता की जांच करने की जरूरत है अपितु कानून और व्यवस्था लागू करने वाले तंत्र की मनोस्थिति की छानबीन करने के लिए गहराई तक जाने की भी जरूरत है।"

आपने सरकार को बचाने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों को, वहां के एडमिनिस्ट्रेशन को, वहां के ब्यूरोक्रेट

को तो आपने जुम्मेदार ठहराया है। लेकिन इतनी सारी घटनाएं हो गई और आप इस सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। महोदया, अयोध्या में एक विवादित ढांचा गिरने के कारण चार चुनी हुई सरकारें बर्खास्त की जा सकती है तो उस बिहार में एक हजार लोगों की एक वर्ष में हत्याएं हों और अब भी वहां की सरकार बनी हुई है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जहां पर आपने चिंता व्यक्त की है कि सारे मामले की गहराई तक जाने की जरूरत है। तो क्या केन्द्र सरकार के द्वारा वहां पर ऐसी एजेंसी भेजना आपकी योजना में है अथवा नहीं? महोदया, मुझे लगता है कि अब बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। वहां जंगल राज कायम हो गया है। हमारी तो यह मांग है कि एक कमीशन बनाया जाए, एक आयोग बनाया जाए जो कि बिहार में खुद जाकर, एक महीने में, 15 दिन में यह काम पूरा नहीं होगा उसके लिए दो महीने, तीन महीने भी लग सकते हैं। तो ऐसा आयोग बने और जाकर वहां की सारी सामाजिक, राजनीतिक स्थिति का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट, अपनी रिकमंडेशंस भारत सरकार को निश्चित समयावधि में प्रस्तुत करें। यह मैं मांग करना चाहता हूं और साथ ही आपने एक चिंता व्यक्त की है कि कमज़ोर वर्गों को शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है और सदैव शक्तिशाली लोगों के जुल्म कमज़ोर लोगों को सहने पड़ते हैं, यह आपने चिंता व्यक्त की है अपने वक्तव्य में तो मैं यह भी जानना चाहूंगा आपसे कि इन कमज़ोर लोगों को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या आपके पास कोई रणनीति है? कोई आपके पास योजना है? मैं अंतिम निवेदन करके अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। जिस प्रकार से इस वक्तव्य को तैयार करने में निष्पक्षता और ईमानदारी का परिचय नहीं दिया गया है और इसी प्रकार का क्रम चलता रहा आगे तो इस प्रकार की घटनाएं घटित होती रहेंगी, इन पर कभी भी अंकुश नहीं लगाया जा सकता और मैं समझता हूं कि इस प्रकार की घटनाएं बिहार में अनवरत इसलिए घटती जा रही हैं क्योंकि यह सरकार की आदत हो गई है कि अपने हर फैसले को वोट के तराजू पर तोलने का काम करती है बल्कि सच बात तो यह है कि किसी भी सरकार को, हुकूमत करने वाली सरकार को, ईमानदारी से हुकूमत करने वाली सरकार को अपने फैसले को वोट के तराजू पर नहीं तोलना चाहिए बल्कि इंसाफ के तराजू पर तोलना चाहिए और न्याय के तराजू पर तोलना चाहिए। इसी निवेदन के साथ महोदया मैं समाप्त करता हूं।

